<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय तटरक्षक एवं जापान तटरक्षक के मध्य 15 जनवरी 18 को हुई उच्च स्तरीय बैठक एवं संयुक्त अभ्यास

1. महानिदेशक राजेंद्र सिंह, पीटीएम, टीएम ने, 15 से 17 जनवरी 18 तक एडमिरल सतोशी नाकाजीमा, कमांडेंट, जापान तटरक्षक के नेतृत्व में आये जापान तटरक्षक के सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल की मेजबानी की।

2. भारतीय तटरक्षक एवं जापान तटरक्षक के बीच दोनों एजेंसियों द्वारा सन् 2006 में हस्ताक्षरित सहयोग ज्ञापन के प्रावधानों के अनुसार उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली में 15 जनवरी 18 को किया गया। महानिदेशक राजेंद्र सिंह, पीटीएम, टीएम ने उच्च स्तरीय बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक में, संक्रियात्मक स्तर पर बातचीत, खोज एवं बचाव क्षेत्र में क्षमता निर्माण तथा प्रदूषण प्रतिक्रिया एवं समुद्री कानून प्रवर्तन के विषयों पर जोर दिया गया।

3. भारतीय पोत ने सन् 2000 में व्यावसायिक बातचीत के लिए जापान के बंदरगाह का दौरा किया था तभी से, दोनों तटरक्षकों के बीच यह संबंध स्थापित है। दोनों देशों की सरकारों द्वारा समुद्री सुरक्षा एवं संरक्षा के क्षेत्र में सहयोगात्मक वृद्धि करने हेतु दोनों तटरक्षकों के मध्य बैठक एवं दौरे का आयोजन किया गया।

4. बैठक में, समझौता ज्ञापन के प्रावधानों के अनुसार दोनों पक्ष पारस्परिक सहयोग को मजबूत बनाने के लिए सहमत हुए। दोनों पक्ष, प्रबंधन के नायाब तौर-तरीकों एवं कार्मिकों के अदला-बदली हेतु भी सहमत हुए।

5. 17 जनवरी 18 को प्रस्तावित संयुक्त अभ्यास में भाग लेने के लिए जापान तटरक्षक पोत सुगरू 12 जनवरी 18 को चेन्नई पहुँची। महानिदेशक, भारतीय तटरक्षक तथा कमांडेंट, जापान तटरक्षक दोनों चेन्नई जाकर संयुक्त अभ्यास का निरीक्षण करेंगे।

6. भारत एवं जापान तटरक्षक के बीच पहले से ही स्थापित व्यावसायिक संबंधों में वृद्धि करने की कड़ी में यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण थी।